प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

31 मार्च 2021

बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन - फरवरी 2021[1]

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्रीय विनियोजन संबंधी आंकड़े विवरण I और II में दिए गए हैं, जो फरवरी 2021 माह हेतु सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

बैंक ऋण के क्षेत्रीय विनियोजन की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

- वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, गैर-खाद्य बैंक ऋण वृद्धि फरवरी 2020 में 7.3 प्रतिशत की तुलना में फरवरी 2021 में 6.5 प्रतिशत रही।
- अपनी वृद्धि की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, कृषि और संबद्ध कार्यकलापों में ऋण वृद्धि फरवरी 2020 में 5.8 प्रतिशत से फरवरी 2021 में बढ़कर 10.2 प्रतिशत हो गई।
- फरवरी 2021 में उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में 0.2 प्रतिशत की कमी आई जबकि फरवरी 2020 में उसमें 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो मुख्य रूप से बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 1.5 प्रतिशत की कमी (फरवरी 2020 में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि) आने की वजह से थी। फरवरी 2021 में मझोले उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 21.0 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक वर्ष पहले उसमें 3.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और फरवरी 2021 में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक वर्ष पहले उसमें 0.4 प्रतिशत की कमी आई थी।
- उद्योग के भीतर, 'खाद्य प्रसंस्करण', 'पेय पदार्थ और तम्बाकू', 'खनन और उत्खनन', 'कपड़ा', 'रत्न और आभूषण', 'कागज और कागज उत्पाद', 'कांच और कांच के बने वस्तु ', एवं 'वाहन, वाहन के पुर्जों व परिवहन उपकरण' हेतु प्रदत्त ऋण में फरवरी 2021 में गत वर्ष के इसी माह में हुई वृद्धि की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई। तथापि, 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद एवं परमाणु ईंधन', 'सीमेंट एवं सीमेंट उत्पाद', 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन एवं रसायन उत्पाद', 'रबर, प्लास्टिक एवं उनके उत्पाद', 'मूल धातु एवं धातु उत्पाद', 'निर्माण' और 'इन्फ्रास्ट्रक्चर' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।
- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि फरवरी 2020 में 6.9 प्रतिशत से फरवरी 2021 में बढ़कर 9.3 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से परिवहन ऑपरेटरों एवं व्यापार हेतु प्रदत्त ऋणों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत है।
- व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि में मंदी जारी रही, क्योंकि यह एक वर्ष पहले के 17.0 प्रतिशत से फरवरी 2021 में घटकर 9.6 प्रतिशत रह गई।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1333

[1] जनवरी 2021 से, बैंक ऋण के क्षेत्रीय आंकड़े संशोधित प्रारूप पर आधारित हैं, जिसके कारण पहले प्रकाशित किए गए कतिपय मौजूदा घटकों के मूल्यों और विकास दरों में कुछ बदलाव हुए हैं।